# तूफान से महिला पर गिरा पेड़, उपचार के दौरान मौत

## नवानगर थाना क्षेत्र की घटना, इलाज के लिए नेहरू चिकित्सालय में किया गया था भर्ती



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 31 मई। नवानगर थाना क्षेत्र के ग्राम अमझर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज हवाओं के चलते एक पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।**

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया और प्रशासन से उचित कार्रवाई एवं मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही नवानगर थाना प्रभारी डॉ. अनिल कुमार पटेल अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान सरिता शाह उम्र 25 वर्ष पति राजेंद्र शाह निवासी ग्राम अमझर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आंधी-तूफान के दौरान अचानक पेड़ गिरने से वह उसकी चपेट में आ गई थीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन एवं ग्रामीण तत्काल उन्हें नेहरू चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# चोरी के 71 लोहे के विद्युत खंभे किए बरामद

## 25 .80 लाख आरडीएसएस योजना के चोरी हुए एच बीम खंभों की बरामदगी





नवभारत न्यूज

**सीधी,31 मई, मड़वास पुलिस ने आरडीएसएस योजना अंतर्गत चोरी हुए 25 लाख 80 हजार 424 रुपये के 71 लोहे के विद्युत एच - बीम खंभों की बरामदगी करने में बड़ी सफलता पाई है। आरोपी के कब्जे से मशरूका जप्त किया गया।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 19 मई 2026 को सूचनाकर्ता सिद्धार्थ सिंह परिहार पिता भूपेंद्र सिंह परिहार उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09 निराला नगर रीवा, थाना विश्वविद्यालय जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा थाना मड़वास में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरडीएसएस योजना अंतर्गत सिंगरौली वृत्त में विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य हेतु वन चौकी सिकरा में रखे 33 के.व्ही. के 13 मीटर एच- बीम के 55 नग एवं ग्राम टिकरी स्थित राइस मिल के पास रखे 33 केव्ही के 13 मीटर एच - बीम के 76 नग, कुल 131 नग लोहे के खंभे, जिनकी अनुमानित कीमत 47 लाख 61 हजार 64 रुपये है, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हाइड्रा वाहन से ट्रेलर में लोड कर चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर थाना मड़वास में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस कार्रवाई एवं बरामदगी

विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के निर्देशन तथा एसडीओपी कुसमी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अतर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी किए गए खंभों में से 71 नग एच - बीम लोहे के खंभे कुल कीमत 25 लाख 80 हजार 424 रुपये आरोपी भूपेश कुमार पटेल के कब्जे से, उसके ससुर दिवाकर सिंह के यहां ग्राम बिंदुनगर, थाना रामनगर, जिला मैहर (म.प्र.) से बरामद कर जप्त किए गए। पुलिस द्वारा मामले में अन्य आरोपियों एवं शेष मशरूका की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अतर सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यप्रताप सिंह एवं आरक्षक राहुल गिरवाल की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# एक दिन में बिजली विभाग के पास पहुंची 450 शिकायतें

## अचानक बढ़ी शिकायतों से विभाग सकते में

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 मई,रविवार को शहर में आई महज आधे घंटे की तेज आंधी और बारिश ने बिजली कंपनी के निर्बाध आपूर्ति और प्री मेंटेनेंस के तमाम दावों की पोल खोल दी। तेज आंधी के कारण शहर के कुछ हिस्से अचानक अधेरें में डूब गए.**

रिहायशी इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद होने से भीषण गर्मी के बीच शहरवासी घंटों परेशानी का सामना करते रहे. आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि टिकुरिया टोला में भारी भरकम पेड़ों की टहनियां टूटकर हाईटेंशन लाइन पर गिर गईं, जिससे मुख्य तार टूट गए.जिससे बिजली पूरी तरह बाधित रही. वही प्रेम नगर में तेज हवा के कारण तार आपस में टकराए, जिससे चिंगारियां उठीं और तार सहित ट्रांसफार्मर जल कर राख हो गया. हादसे को टालने के लिए विभाग को सुरक्षा के तौर पर कई फीडरों की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कर दी. साथ ही शहर के दर्जनों इलाकों में ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ने और खंभे क्षतिग्रस्त होने की सैकड़ो शिकायते सामने आई। बिजली गुल होते ही उपभोक्ताओ ने टोल फ्री नंबर पर ऑनलाइन शिकायते दर्ज कराई. शिकायतों का आंकड़ा देखते ही देखते विभाग को 450 से अधिक ऑनलाइन शिकायतें प्राप्त हुईं। इतनी बड़ी संख्या में शिकायतें देखकर बिजली विभाग के आला अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। इसके बाद आनन-फानन में तकनीकी टीमों और लाइनमैनों को अलग अलग स्थानों पर भेजा गया. कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर काम शुरू किया और देर रात तक फॉल्ट सुधारने व बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम जारी रहा।

### इनका कहना है

आंधी की गति अत्यधिक तेज थी, जिसके कारण कई जगहों पर पेड़ और डालियां गिरने से मुख्य लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। हमारी टीमें पूरी मुस्तैदी से युद्धस्तर पर काम कर रही हैं .बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी जाएगी।

**मृगेंद्र सिंह चंदेल**
**डी.ई सिटी**

# चाकू से हमला कर महिला व उसकी देवरानी को किया घायल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली ,31 मई। मोरवा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला द्वारा घर में घुसकर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूसा मोड़ वार्ड क्रमांक-7 निवासी शुभम शाह उम्र 24 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार की दोपहर करीब एक बजे मीना साहू नामक महिला उसके घर पहुंची।

बताया गया कि मीना साहू और शुभम शाह के पति सुरेंद्र शाह के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि मीना साहू ने गाली-गलौज करते हुए घर के अंदर घुसकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में शुभम शाह के पेट और हाथों में चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी देवरानी सिम्मी साहू पर भी आरोपी ने चाकू से वार कर दिया, जिससे उसके सिर, गर्दन, हथेली और कलाई में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सिम्मी साहू को जिला अस्पताल बैढ़न रेफर किया गया है। घटना के बाद आरोपी महिला मौके से फरार हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आठ महीने से तालाब में रहने वाले मगरमच्छ का रेस्क्यू



नवभारत न्यूज

**सीधी 31 मई, जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारगंज में पिछले आठ महीने से तालाब में रह रहे मगरमच्छ का रविवार को रेस्क्यू किया गया।**

वन विभाग की टीम ने कई घंटे की कार्रवाई के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा और उसे सोन नदी के भंवरसेन घाट में छोड़ दिया। मगरमच्छ के हटने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्राम शिकारगंज का तालाब आदिवासी बस्ती के लोगों के लिए पानी का प्रमुख स्रोत है। ग्रामीण इसी तालाब का उपयोग नहाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए करते हैं। मगरमच्छ की मौजूदगी के कारण लंबे समय से लोगों में भय बना हुआ था। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार छोटे बच्चे अनजाने में तालाब के पानी में उतर जाते थे और मगरमच्छ उनके पास तक पहुंच जाता था।

हालांकि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ, लेकिन स्थिति को देखते हुए लोगों ने तालाब के आसपास जाना कम कर दिया था।

मगरमच्छ को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को शिकायत दी थी। इसके बाद विभाग ने रेस्क्यू की योजना बनाई।

### 12 सदस्यीय टीम ने चलाया अभियान

रविवार सुबह संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र के डीएफओ राजेश कन्ना टी के निर्देश पर रेंजर मुकेश अलावा के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम गांव पहुंची। टीम ने तालाब में अभियान चलाकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। मगरमच्छ को पकड़ने के बाद वन विभाग की टीम उसे वाहन से सोन नदी के भंवरसेन घाट लेकर गई और उसके प्राकृतिक आवास को ध्यान में रखते हुए नदी में छोड़ दिया।



# सड़क को लेकर छतौली में बढ़ा विवाद दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली ,31 मई। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत छतौली गांव में निजी भूमि से सड़क निकालने को लेकर आज रविवार को विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने की नौबत आ गई। घटना दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पीड़ित रामप्रकाश यादव ने आरोप लगाया कि उसने अपनी पैतृक भूमि पर कच्चा खपरैल मकान बना रखा है। गांव के सरपंच सीपी शुक्ला सहित कुछ लोग उसके मकान को हटाकर वहां से सड़क निकालना चाहते थे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। रामप्रकाश का आरोप है कि विवाद के दौरान भीड़ ने उसके घर में भी तोड़फोड़ की और मकान को नुकसान पहुंचाया। वहीं सरपंच सीपी शुक्ला ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि गांव की लगभग 300 की आबादी वाली हरिजन बस्ती तक पहुंचने के लिए यही एक प्रमुख मार्ग है। उनके अनुसार पहले यादव परिवार ने रास्ते के लिए जमीन देने की सहमति जताई थी, लेकिन बाद में अपने निर्णय से पीछे हट गया। उन्होंने कहा कि विवाद को बातचीत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया था। हालांकि तोड़फोड़ की घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। मामले को लेकर माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की विवेचना की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि

## एसडीएम का आदेश, सलैया गांव का मामला



नवभारत न्यूज

**सीधी 31 मई, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बाउंड्री बाल खड़ी करने वाले किसान के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।**

उल्लेखनीय है कि चुरहट तहसील अंतर्गत ग्राम सलैया में आराजी नंबर 68 मध्यप्रदेश शासन की भूमि का प्रकरण दायर किया गया जिसमें भूपेंद्र तिवारी आराजी नंबर 68 के अंश भाग 0.019 हेक्टेयर पर बाड़ी लगाकर एवं 0.010 हेक्टेयर पर रमाकांत मिश्रा द्वारा बाउंड्री बनाकर अतिक्रमण किया गया था।जिस पर प्रकरण क्रमांक 0011/ बी -121/2023-24 आदेश दिनांक 16/2/2024 को बेदखली आदेश पारित किया गया था।अनावेदकों द्वारा उक्त आदेश की अनुविभागीय अधिकारी चुरहट के न्यायालय में अपील क्रमांक 0304/अपील/2024-25 आदेश दिनांक 17/04/2025 किया गया था। उक्त अपील निरस्त करते हुए अधीनस्थ न्यायालय का आदेश यथावत रखा गया था।जिसके पालन में आज 30 मई 2026 को शासकीय आराजी 68 से अतिक्रमकों को बेदखल कर मध्य प्रदेश शासन की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बता दें कि आवेदक जितेंद्र तिवारी द्वारा उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके जांच उपरांत एवं अनुविभागीय अधिकारी की न्यायालय में दायर मामले की सुनवाई उपरांत यह आदेश जारी किया गया था।

खास बात यह है कि चुरहट एसडीएम विकास कुमार आनंद द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है। अभी हाल ही में इसी गांव के एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध किया गया था जिसकी शिकायत पर एसडीएम चुरहट विकास कुमार आनंद स्वयं मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण हटाते हुए मार्ग बहाल कराया था।

# कुएं में गिरने से 7 वर्षीय मासूम की मौत


▸ पानी भरते समय हुआ दर्दनाक हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मई। चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवार गांव में बीते शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कुएं में गिरने से एक मासूम की मौत हो गई।**

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार प्रकाश सिंह गोड़ पिता शिवकुमार सिंह गोड़ उम्र 7 वर्ष दोपहर के समय घर के पास स्थित कुएं में पानी भरने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह सीधे कुएं में जा गिरा। काफी देर तक जब बच्चा वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को आशंका हुई और तलाश शुरू की गई। परिजनों ने जब कुएं के पास पहुंचकर देखा तो मासूम पानी में पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

# गैवीनाथ मंदिर बिरसिंहपुर में जलाभिषेक की कतार में लगे श्रद्धालु की मौत



नवभारत न्यूज

**सतना 31 मई, जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध गैविनाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर रविवार को जलाभिषेक के दौरान एक वृद्ध श्रद्धालु की मौत हो गई।**

रविवार होने के कारण सामान्य दिनों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक थी। इसी दौरान पटना कला निवासी लगभग 70 वर्षीय जयनिवास गर्ग दर्शन और अभिषेक के लिए मंदिर परिसर में मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वे अचानक अचेत होकर गिर पड़े। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद श्रद्धालुओं और मंदिर प्रबंधन के सदस्यों ने तत्काल उन्हें संभाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध श्रद्धालु की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

### कराया गया पोस्टमार्टम

प्रारंभिक संभावना जताई गई कि अत्यधिक भीड़, उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं या अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण यह घटना हुई। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा चिकित्सकीय जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा।

### एंबुलेंस पहुंचने में लगे 40 मिनट

बताया गया कि मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अमले ने सीपीआर और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं देने के प्रयास किए। एंबुलेंस भी मंगवाई गई किंतु मंदिर परिसर के आसपास फैली प्रसाद दुकान के संचालकों द्वारा अवैध रूप से सड़कों पर मोटरसाइकिल खड़ी करा कर रोड जाम किए जाने से एंबुलेंस पहुंचने में लगभग 40 मिनट का समय लग गया। जबकि अस्पताल से मंदिर पहुंचने में महज 10 मिनट का समय लगता है।

# गारमेंट्स दुकान में लगी आग

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 मई, जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत पटपरा चौराहा में स्थित आल गारमेंट्स दुकान में भीषण आग लगने से लाखों की सामग्री जलकर खाक हो गई।**

आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पीड़ित व्यवसायी सत्यभान साकेत पिता शिवराज साकेत निवासी पड़रा, सीधी ने बताया कि उसकी पटपरा चौराहे में शिवजी इंटरप्राइजेस आल गारमेंट्स कपड़ा की दुकान संचालित है। 29 मई की शाम 7 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। 30 मई की सुबह मकान मालिक ने फोन करके बताया कि तुम्हारे दुकान में आग लगी है। घर से जब दुकान पहुंचा तो वहां फायर ब्रिगेड एवं डायल 112 वाहन मौजूद था।

# खजुरी डेवारडांड में दरवाजे की कुंडी तोडकर जेवरातों की चोरी

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 मई, सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी डेवारडांड में देर रात कमरे के दरवाजे की कुंडी तोडकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी की।**

अलसुबह घटना की जानकारी मिलने पर महिला ने थाना कोतवाली सीधी में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में सुषमा तिवारी पति राजेश तिवारी उम्र 40 वर्ष ने कहा है कि उसके पति मुंबई में काम के सिलसिले में रहते हैं। घर में वह बच्चों के साथ रहती है। 22 मई 2026 की रात करीब 10 बजे हम सभी भोजन के बाद घर में सो गए। रात करीब 4 बजे जगे तो दूसरे कमरे के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे के अंदर जाकर देखा तो वहां रखी पेटी गायब थी। आसपास तलाश करने पर घर से कुछ दूरी पर पेटी का ताला अक्सी टूटा था। पेटी में रखे जेवरातों में सोने की 5 नग लॉकेट, सोने का चार नग जबा, सोने की 8 नग मनचली, सोने का एक जोड़ी झुमका, सोने की एक जोड़ी सुई-धागा, सोने की दो नग फुलिया, चांदी की तीन जोड़ी पायल, बच्ची का एक जोड़ी पायल, चांदी की चार नग बिछिया, 20 हजार रुपए नकदी गायब था। कोई अज्ञात चोर घर के अंदर घुसा और उसके द्वारा जेवरातों एवं नकदी की चोरी की गई। कोतवाली थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# पेड़ गिरने से वृद्ध की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मई। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम छतौली में आज रविवार की सुबह एक दुखद हादसे में वृद्ध की मौत हो गई।**

जानकारी के अनुसार सत्यलाल विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष सुबह करीब 11 बजे गांव में एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक पेड़ भरभराकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन पेड़ के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही माड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि सत्यलाल विश्वकर्मा गांव के सम्मानित और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 8 गांवों के विस्थापित एकजुट, 7 दिन में मांगें नहीं मानी तो 5 से चक्काजाम

▸ एनसीएल का उत्पादन पूरी तरह ठप करने की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,31 मई। एनसीएल द्वारा अधिग्रहित 8 गांवों के विस्थापितों का गुस्सा अब उबाल पर है। वर्षों से किए गए वादों के टूटने और स्थानीय युवाओं को दरकिनार करने के आरोपों ने हालात को विस्फोटक बना दिया है।**

प्रभावितों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो 5 जून से ब्लॉक-बी परियोजना में पूरी तरह चक्का जाम कर दिया जाएगा। यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि आर-पार की लड़ाई का ऐलान बताया जा रहा है। विस्थापितों का आरोप है कि कंपनी ने शुरुआत में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का वादा किया था, लेकिन हकीकत में बाहरियों की भर्ती कर दी गई। बेरोजगार स्थानीय युवा आज भी दर-दर भटक रहे हैं, जबकि दलालों के जरिए बाहरी लोगों को नौकरी देने का खेल खुलकर चल रहा है। यही कारण है कि अब गांव-गांव से लोग एकजुट होकर खुला मोर्चा खोल चुके हैं। आंदोलनकारियों ने भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि अब तक हुई सभी नियुक्तियों की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए और यह बताया जाए कि किस आधार पर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी गई। साथ ही इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी जोर पकड़ रही है। उनका कहना है कि अगर पारदर्शिता नहीं दिखाई गई, तो आंदोलन और उग्र होगा।

सबसे बड़ा मुद्दा स्थानीय रोजगार का भी है। विस्थापितों का कहना है कि सरकार की 70 प्रतिशत स्थानीय रोजगार नीति का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। जब तक यह कोटा पूरा नहीं होता, तब तक किसी भी बाहरी भर्ती को पूरी तरह बंद किया जाए। इसके अलावा जिन स्थानीय ड्राइवरों का ट्रायल हो चुका है, उन्हें तुरंत ड्यूटी पर लेने और बाकी का निष्पक्ष ट्रायल कराने की भी मांग की गई है। विस्थापितों ने साफ कर दिया है कि यह आंदोलन अब पीछे हटने वाला नहीं है। यदि उनकी मांगें अनसुनी की गईं, तो न सिर्फ खदान का उत्पादन पूरी तरह ठप होगा, बल्कि हालात कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकते हैं। ऐसे में अब सबकी निगाहें प्रबंधन और प्रशासन पर टिकी हैं कि वे इस उबलते आक्रोश को शांत करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

### नीलकंठ के वर्करों को किया बाहर, अजंता का कब्जा

नीलकंठ कंपनी का काम खत्म होते ही ब्लॉक-बी गोरबी में मजदूरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वर्षों से ओबी खनन में काम कर रहे वर्करों को नई ठेकेदार कंपनी मेसर्स अजंता राधा अर्थ मूवर्स ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अचानक रोजगार छिनने से सैकड़ों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों का आरोप है कि अनुभव और स्थानीय होने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि नई भर्ती में बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस फैसले से क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और प्रभावित वर्कर अब आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।


हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(महारत्न कंपनी)
एमटीओ एग्रीगेटर की नियुक्ति
मध्य प्रदेश में मिनरल टर्पेन्टाइन ऑयल (एमटीओ) की बिक्री के लिए पीओएल एग्रीगेटर के तौर पर चयन हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, चयन मानदंड, स्थान, आवेदन का प्रारूप आदि की जानकारी यहाँ उपलब्ध है:
https://hindustanpetroleum. com/pages/advertisements.
अंतिम तिथि: 16 जुलाई 2026 (17:00 बजे)
कोई भी अतिरिक्त जानकारी/शुद्धीपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।
/hpcl/ /hpcl/ /hpcl/ /@Hindustan Petroleum Corporation Limited
www.hindustanpetroleum.com
LiFE Lifestyle for Environment


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99